गुरुग्राम
शनिवार
09 सितंबर, 2023
वर्ष 11, अंक 249
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com  धर्म व कर्म दोनों के प्रति मजबूत रहने का कृष्ण जी ने दिया संदेश: सुर

# जी-20 विषय पर स्लोगन लेखन और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन




ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में एनसीसी के अंतर्गत जी-20 विषय पर स्लोगन लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. देवेंद्र गहलोत ने कैडेट के समक्ष जी-20 विषय पर अपने विचार रखते हुए बताया कि जी-20 को ग्रुप ऑफ ट्वेंटी कहा जाता है द्य इस समूह के 19 देश सदस्य हैं, ग्रुप का 20वां सदस्य यूरोपीय संघ हैद्य जी-20 समिट का आयोजन साल में एक बार होता है, हालांकि 2008 से शुरुआत के बाद 2009 और 2010 साल में जी-20 समिट का आयोजन दो-दो बार किया गया था द्य इस सम्मेतलन में ग्रुप के सदस्यग देशों के राष्ट्राध्यरक्ष को बुलाया जाता है और कुछ अन्यय देशों को भी बुलाया जाता है, इसके बाद सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष बैठकर कई मुद्दों पर चर्चा करते हैं द्य भारत की अध्यइक्षता में इस साल जी-20 सम्मोलन दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होने जा रहा हैद्य डॉ. पूजा सैनी ने बताया कि जी-20 की बैठक की अध्यिक्षता हर साल अलग देश करता हैद्य पिछले साल ये बैठक इंडोनेशिया में हुई थी, उसके बाद इंडोनेशिया ने इस अध्यकक्षता को भारत को सौंप दिया, इस साल भारत इस समूह की मेजबानी कर रहा है द्य भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने उसकी वैश्विक नेतृत्व भूमिका में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। अपनी अध्यक्षता का लाभ उठाकर, भारत ऐसे सहयोगात्मक समाधानों को बढ़ावा दे रहा है जो न केवल उसकी अपनी आबादी को लाभान्वित करते है बल्कि व्यापक वैश्विक कल्याण में योगदान करते हैं, जो वसुधैव कुटुंबकम या विश्व एक परिवार है की उसकी भावना को मजबूत करता है। सभी एनसीसी कैडेट में बड़े उत्साह से इसमें भाग लिया और अपनी उपस्थिति दर्ज की द्य स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान कैडेट वंशिका ने प्राप्त किया द्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम राणा ने प्राप्त किया द्य कार्यक्रम को सफल बनाने में सब लेफ्टिनेंट डॉ. पूजा सैनी व डॉ. देवेंद्र गहलोत का विशेष योगदान रहा है।